19 OCT 11 2026.qxd 18-10-2026 23:05 Page 1

महाष्टमीपर दुर्गा पण्डालोंमें संधि पूजाकर मां चामुंडा स्वरूपका किया दर्शन

बारवारियोंने सुबहकी पूजा, पुष्पांजलि एवं चंडी पाठ, शामको लगाया खिचड़ीका भोग की संधि पूजा एवं आरती

शहर के दर्जनभर पूजा पंडालों में बारवारियों की ओर से दुर्गा पूजा महोत्सव के तीसरे दिन महाष्टमी पर दुर्गा पण्डालों में संधि पूजा कर मां चामुंडा के स्वरूप का दर्शन किया। दुर्गा पूजा में संधि पूजा को इस पूरे अनुष्ठान का सबसे पवित्र, शक्तिशाली और सर्वोच्च चरण माना जाता है। मान्यता है कि इसी क्षण मां दुर्गा ने अपने ललाट से अत्यंत उग्र रूप में मां चामुंडा के रूप में प्रकट होकर असुर 'चंड' और 'मुंड' का वध किया था। मां के दिव्य दर्शन के लिए देर रात तक बारवारी दुर्गा पूजा पण्डालों में श्रद्धालु उमड़े रहे।

सर्व प्रथम अष्टमी की पूजा की गयी। जिसके बाद पुष्पार्जलि का कार्यक्रम हुआ। फिर चंडी पाठ एवं मां को खिचड़ी का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद के रूप में बांटा गया। संध्या आरती के बाद संधि पूजा की गयी। इस दौरान मां दुर्गा के समक्ष १०८ दीपक जलाये और उन्हें १०८ कमल के फूल (या लाल फूल) तथा १०८ बिल्वपत्र (बेलपत्र) अर्पित किये। साथ ही इस दौरान मां से सुख-समृद्धि, संकटों से मुक्ति और पारिवारिक खुशहाली की कामना की। कर्नलगंज, टैगोर टाउन, दरभंगा, अशोक नगर, बाई का बाग, नेतानगर, कटघर, एलनगंज एवं शास्त्रीनगर सहित अन्य पंडालों में मां दुर्गा का जागृत किया गया। बता दें कि षष्ठी तिथि पर शुक्रवार को मां भगवती का आह्वान, अधिवास (घट स्थापना) एवं मां की भुजाओं में शंख, गदा, तलवार, चक्र एवं त्रिशूल और आभूषण पहनाये गये। रात में पण्डालों में बने मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जीटीबी नगर में महा अष्टमी पर मां दुर्गा का भव्य श्रृंगार, संधि पूजा ने श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया। कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप दत्ता एवं महासचिव रजत घोष ने बताया कि सुबह छह अष्टमी पूजा और पुष्पांजलि के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। माता के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। विशेष संधि पूजा और पुष्पांजलि का आयोजन किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में भक्त पंडाल में मौजूद रहे। शाम सात बजे भव्य संध्या आरती की गयी, जिसमें ढोल-नगाड़ों के साथ मां की आराधना की गयी। कमेटी के प्रकाशन सचिव सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि १९ अक्तूबर महा नवमी पर सुबह ८ बजे नवमी पूजा, ९ बजे प्रसाद और दो बजे भोग वितरण होगा। इस मौके पर कमेटी के कोषाध्यक्ष संदीप बछार, हेमंत बनर्जी, प्रशान्त ब्यास, दीपक चौधरी, आरके खन्ना, ओपी श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

बांके बिहारी मंदिरमें कन्यापूजन करतीं महिलायें।

घरों एवं मंदिरोंमें कन्याओंके पखारे पांव, लगाये महावर

भक्तोंने कन्याओंको कराया भोजन एवं दिये उपहार, मां अलोपशंकरी, ललिता देवी एवं कल्याणी देवी मंदिरमें दोपहर तक पूजन, शामको मांके दिव्य महाश्रृंगारका दर्शन

शारदीय नवरात्र की अष्टमी पर देवी मंदिरों में भक्तों ने मां गौरी का पूजन अर्चन किया। वहीं घरों एवं मंदिरों में नौ कन्याओं के पांव पखारकर आशीर्वाद मांगा। सिद्धपीठ मंदिर अलोपशंकरी, मां कल्याणी देवी एवं मां ललिता देवी, मां खेमा माई सहित सभी देवी मंदिरों में मां के भव्य श्रृंगार दर्शन के लिए श्रद्धालु देर रात तक परिसर में डटे रहे। सुबह से दोपहर तक मां का पूजन करने के लिए श्रद्धालु थाल सजाकर लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। घरों में नौ कन्याओं को बुलाकर सर्वप्रथम पांव पखारा और फिर महावर लगाकर उनका पूजन अर्चन किया। जिसके बाद उन्हें भोजन कराकर उपहार दिया और विदा किया। यह सिलसिला सुबह से दोपहर तक चला। वहीं मंदिरों में नौ कन्याओं की पूजा की गयी। उन्हें दही-जलेबी खिलाकर यथाशक्ति द्रव्य दिये। मां अलोप शंकरी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। भक्तों ने लाल चुनरी, नारियल और फूल चढ़ाकर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया गया। इसी क्रम में मीरापुर स्थित प्राचीन राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी सिद्धपीठ मां ललिता देवी मंदिर में मां महागौरी का बहुरंगी फूलों से दिव्य मंगला आरती के साथ मंदिर के पट खुले। दिन भर नारियल-चुनरी



महाश्रृंगार किया गया। गुलाब, गेंदा, बेला, रजनीगंधा, गुड़हल और गुलदाउदी के हजारों फूलों से माँ का भव्य दरबार सजा। ब्रह्म मुहूर्त में चढ़ाने और मुंडन संस्कार के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर समिति के अध्यक्ष हरिमोहन वर्मा और महामंत्री प्रदीप जायसवाल ने बताया कि ११ ब्राह्मणों ने दुर्गा सप्तशती पाठ और अष्टमी हवन एवं शाम को महिला मंडली ने भजन प्रस्तुत किये। रात में आचार्य पं. शिव मूरत मिश्रा के नेतृत्व में २१ ब्राह्मणों ने सत्य चंडी महापाठ किया। मुख्य यजमान संजीव अग्रवाल रहे। शयन आरती के बाद विशाल भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मीडिया प्रभारी सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि कल महानवमी पर मां सिद्धिदात्री स्वरूप में दर्शन देंगी, कन्या पूजन और हवन किया जायेगा। रात्रि मे भंडारे का प्रसाद बांटा जायेगा। इस मौके पर महेन्द्र मालवीय, उमेश मिश्रा, गिरिशंकर प्रभाकर, संजय उपाध्याय, प्रमोद अरोरा, दिलीप केशरी, अनूप केशरवानी, हरीश खरे, कमलेश, अंकित, बृजमोहन शुक्ला आदि मौजूद रहे।

सूने घरका ताला तोड़कर रिवाल्वर कारतूस एवं लाखोंके गहने चोरी

मेला देखने गया था पीड़ित, मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस

एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में चोरी की घटनायें बढ़ रही हैं। हालही में दो सूने घरों को निशाना बनाकर चोर नगदी एवं लाखों के गहने चोरी कर ले गये थे। अब पीपलगांव में चोरों ने सूने घर से लाइसेंसी रिवाल्वर सहित लाखों के गहने चोरी कर ले गये।

एयरपोर्ट क्षेत्र के पीपलगांव स्थित व्यास नगर कॉलोनी में चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर लाइसेंसी रिवॉल्वर, १० कारतूस और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। चोर लाइसेंस की कॉपी, बैंक पासबुक, चेकबुक, पैन कार्ड और आधार कार्ड भी उठा ले गए। वारदात के समय मकान में रहने वाला निशांत सिंह मेला देखने गया था। शनिवार सुबह लौटने पर चोरी का पता चला। एयरपोर्ट पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। निशांत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बताया कि वह अपने मामा टीकम सिंह और उनके परिवार के साथ मकान में रहता है। टीकम सिंह १५ अक्टूबर को कौशांबी के कनैली गांव स्थित बरगदी चले गए थे। निशांत शनिवार रात करीब १२:४५ बजे मेला देखने निकला था। सुबह ५:५० बजे घर लौटा तो ऊपर के कमरे का ताला टूटा मिला। अंदर रखी दोनों आलमारियों के लाक और लाकर भी टूटे हुए थे। आलमारियों की जांच करने पर टीकम सिंह की लाइसेंसी रिवॉल्वर और १० जिंदा कारतूस गायब मिले। इसके अलावा सोने-चांदी के आभूषण और टीकम सिंह, सुशीला देवी व अभिषेक सिंह की बैंक पासबुक, चेकबुक, पैन कार्ड और आधार कार्ड भी चोरी हो गए थे। निशांत ने सुबह करीब ७:४० बजे डायल ११२ पर सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। एयरपोर्ट थाना प्रभारी वैभव सिंह ने बताया कि घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। चोरों की पहचान कर गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है

मां अलोपशंकरी मंदिरमें कलाकार सम्मानित

मिशन शक्ति के तहत संस्कृति मंत्रालय उत्तर प्रदेश तथा जिला प्रशासन की ओर से प्रयागराज स्थित मां अलोप शंकरी शक्तिपीठ मंदिर में भजन कलाकार शिव शंकर तिवारी द्वारा देवी गायन, भजन, दुर्गा सप्तशती पाठ का आयोजन हुआ। कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कलाकारों का सम्मान किया गया।

दुर्गापूजा पण्डालोंकी भव्य सजावटसे लोग आकर्षित

सुरक्षाके पुख्ता इंतजाम, एक साथ ज्यादा भीड़ इकट्ठा न करनेका अनाउंसमेंट, पण्डालोंमें उमड़ी भीड़, सतर्क रही फोर्स

नगर में बारवारी दुर्गा पूजा कमेटियों की ओर से सजाये गये भव्य पण्डाल में उत्कृष्ट थीम पर किये गये पण्डालों के निर्माण लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। मां के दर्शन के साथ-साथ थीम पर आधारित पण्डाल को देखने के लिए स्थानीय लोगों के अलावा दूर-दराज से भी लोग यहां पहुंच रहे हैं। देर रात तक दुर्गा पूजा पण्डालों में भीड़ उमड़ रही है। कोलकाता में हुई घटना को लेकर प्रयागराज में सतर्कता बरती जा रही है। एक साथ ज्यादा भीड़ इकट्ठा होने पर अनाउंस किया जा रहा है कि पण्डाल परिसर में दर्शन कर बाहर निकल जाये ताकि किसी को किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

बता दें कि बाई का बाग बारवारी (१००वां वर्ष) श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर, केरल की तर्ज पर तैयार किया गया है। अतरसुइया बारवारी (१४३वां वर्ष) पर्यावरण ग्रीन थीम और सामाजिक संदेश, जो हस्तनिर्मित पोस्टरों से सजा है। कटघर बारवारी (श्री प्रयागेश्वरनाथ दुर्गा पूजा कमेटीनागलोक थीम) जो श्रद्धालुओं के बीच भारी कौतूहल का विषय है।

शाहगंज बारवारी वृंदावन के प्रेम मंदिर की तर्ज पर बनाया गया है। टैगोर टाउन बारवारी (८४वां वर्ष) में पारंपरिक बंगाली संस्कृति और पारंपरिक रीतियों पर विशेष फोकस किया गया है। नेतानगर पूजा कमेटी का डिज्नीलैंड थीम पर आधारित पंडाल, विशेषकर बच्चों के आकर्षण के केंद्र बने हुए हैं। दरभंगा कालोनी कमेटी ने मदुरै के प्रसिद्ध मीनाक्षी मंदिर की तर्ज पर बनाया है। प्रीतम नगर (सुलेम सराय सार्वजनिक कमेटी) तिरंगा थीम 'वंदे मातरम' के १५० साल पूरे होने पर देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम का संदेश दे रहा है। शिवाजी पाक अल्लापुर की ओर से मोर थीम पर आधारित कलाकृति दर्शायी गयी है। अशोक नगर (ममता विद्यालय के पास) चाइनीज थीम आधारित कलात्मक पंडाल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। सदर बाजार (गधा ग्राउंड) संगीत प्रेमियों के लिए अनोखी गिटार थीम पर पण्डाल कौतुहल का विषय बना हुआ है। इसके साथ ही बैरहना दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से 'आमेर किला' की तर्ज पर पण्डाल का निर्माण किया गया है। इसके अलावा कर्नलगंज सहित कई जगह दुर्गा पूजा पण्डाल लोगों में आकर्षण का केंद्र बने हुए है। रविवार को अवकाश होने के कारण पण्डालों में भीड़ बढ़ने पर संबंधित थानों की फोर्स फौरन वहां पहुंचकर भदगड़ जैसी स्थिति न उत्पन्न हो, लोगों को समझाकर दूर करती दिखाई दी।

शतचंडी महायज्ञमें भक्तोंने डाली आहुति

मां कल्याणी देवी जी का श्रद्धालुओं ने मां का दर्शन पूजन प्रातः ५:३० से लेकर मध्यरात्रि एक बजे तक किया। सम्पूर्ण कल्याणी क्षेत्र मां कल्याणी के जयकारे गूंजता रहा। मां कल्याणी वृषभ (बैल) पर आरूढ़ होकर चतुर्भुजी स्वरूप में अपने हाथों में त्रिशूल ऊपर, गदा एवं वरमुद्रा धारण किये हुई थीं। मां का सम्पूर्ण श्रृंगार सोने के आभूषणों एवं विविध पुष्पों से किया गया। प्रातः मंगला आरती पं. श्याम जी पाठक ने उतारी, शाम महाआरती एवं रात्रि में शयन आरती पं. सुशील पाठक ने की। भक्तों ने बड़ी संख्या में अपने बच्चों का मुंडन कर्ण छेदन संस्कार कराये। शतचंडी महायज्ञ में भक्तों ने पूजन का आहुति डाली। शाम को भजन कीर्तन किया गया। पुलिस बल के साथ पं. अनिल पाठक, कृष्ण कुमार पाठक, राजेश केसरवानी, दिलीप पाठक, राजेन्द्र केसरवानी, मुकेश, विमल, धर्मेन्द्र, राहुल आदि ने मेले की व्यवस्था संभाली।

रंगपूरा गांवमें कुएं में गिरी युवती, मौत

फाफामऊ थाना क्षेत्र के रंगपूरा गांव में रविवार शाम गहरे कुएं में एक युवती अचानक गिर गई। शोर मचाने पर आसपास के लोग बचाव के लिए जुट गए। फायर ब्रिगेड की टीम ने युवती को रेस्क्यू कर कुंए से बाहर निकाला लेकिन तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। सविता यादव ३० पुत्री स्वर्गीय रूपचंद यादव रविवार शाम गांव के बाहर स्थित गहरे कुएं में अचानक गिर गई। सूचना पर पहले पहुंची फाफामऊ पुलिस युवती को गहरे कुएं से सुरक्षित बाहर निकालने का अथक प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली फिर फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी गई मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम युवती को कुएं से बाहर निकालने में जुट गयी। कुछ देर बाद युवती को बाहर निकाला गया लेकिन तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। फाफामऊ प्रभारी निरीक्षक छोटक सिंह यादव ने बताया कुएं में गिरकर युवती की मौत हो गयी है आगे की काररवाई की जा रही है।

शादीके पांच माह बाद फंदेसे लटका मिला विवाहिताका शव

मेजा थाना क्षेत्र के सिरसा चौकी अंतर्गत उपडौरा गांव में २३ वर्षीय सीता पत्नी धीरज निषाद का शव रविवार सुबह घर के आंगन में नीम के पेड़ से दुपट्टा के सहारे लटकता मिला। सीता ने यह कदम क्यों उठाया, इसकी वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। मायके वालों ने पुलिस को अभी कोई तहरीर नहीं दी है।मेजा थानांतर्गत ग्राम उपरौड़ा (सिरसा) की रहने वाली सीता की शादी करीब पांच माह पहले धीरज निषाद के साथ हुई थी। शनिवार देर शाम धीरज अपनी बहन को छोड़ने उसके घर गया था। घर पर सीता और उसकी सास थी। रविवार सुबह सास की नींद खुली तो उन्होंने बहू को नीम के पेड़ से लटका देखा। खबर ग्रामीणों को मिली तो भीड़ जुट गई। पुलिस के साथ ही फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। जांच पड़ताल की गई। परिजनों के मुताबिक सब कुछ ठीक था। किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं था। खबर पाकर पुहुंची पुलिस ने धीरज से भी पूछताछ की। मेजा पुलिस का कहना है कि पारिवारिक विवाद के चलते घटना होने की आशंका है। अभी घरवालों ने कोई तहरीर नहीं दी है।

मांके सिद्धिदात्री स्वरूप का दर्शन-पूजन आज

मां दुर्गा की नौवी शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली है। नवरात्र पूजन के नौवे दिन इनकी उपासना की जाती है। इस दिन विधि-विधान एवं पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। भगवान शिव ने भी इस देवी की कृपा से तमाम सिद्धियां प्राप्त की थी। इस देवी की कृपा से ही भगवान शिव का आधा शरीर देवी का हुआ हुआ था। इसी कारण शिव को अर्द्धनारीश्वर नाम से भी जाना जाता है। ये श्री सिद्धिदात्री सर्वसिद्धीयां प्रदान करने वाली देवी है। उपासक एवं भक्त पर इनकी कृपा से कठिन से कठिन कार्य भी चुटकियों में संभव हो जाता है। हिमांचल के नंदा पर्वत पर इनका प्रसिद्ध तीर्थ है। अणिमा, महिमा, गरीमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, इशित्व एवं वशित्व आठ सिद्धियां होती है। इसलिए इस देवी की सच्चे मन से विधि-विधान से उपासना आराधना करने से यह सभी सिद्धियां प्राप्त की जा सकती है। इस देवी के दाहिनी तरफ नीचे वाले हांथ में चक्र, ऊपर वाले हाथ में गदा एवं बायी तरफ नीचे वाले हांथ में शंख और ऊपर वाले हांथ में कमल का पुष्प है। इनका वाहन सिंह और यह कमल पुष्प पर भी विराजमान होती हैं। इस देवी की उपासना एवं आराधना करने से सिद्धियां प्राप्त होती है। इनकी साधना करने से लौकिक एवं परलौकिक सभी प्रकार की कामनाओं की पूर्ति हो जाती है।

कोलकाताकी घटनासे सहमीं दुर्गा-पूजा कमेटियां, सतर्कताके निर्देश

पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियोंको बतायी समस्याएं

कोलकाता में दुर्गा पूजा पण्डाल में हुई दर्दनाक घटना को लेकर प्रयागराज की दुर्गा पूजा कमेटियों, रामदल के पदाधिकारी सहमे हुए हैं। यहां पर ऐसी घटना न हो इसके लिए रविवार को जिला पंचायत सभागार में कमेटियों के पदाधिकारियों एवं प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने बैठक कर मंथन किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने अग्निशमन सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि सतर्क रहें। कहीं भी यातायात बाधित न हो। इसके अलावा अफवाहों पर तुरंत काररवाई हो।

दशहरा एवं दुर्गापूजा पूजा के सकुशल संपादन के लिए बैठक में पुलिस कमिश्नर पीयूष मोडिया, जिलाधिकारी मनीष वर्मा, डीसीपी अजय, सिटी मजिस्ट्रेट, एडीएम सिटी सभी सर्किल एसीपी, थानाध्यक्ष, पीस कमेटी के अध्यक्ष चांद मिया, रघुनाथ द्विवेदी, जिला अपराध निरोधक कमेटी के अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव,सिविल डिफेंस से रौनक गुप्ता, दुर्गापूजा बारवारी के अध्यक्ष - सचिव, पार्षद, व्यापारी संघटन, रामदल के पदाधिकारियों की मौजूदगी में दुर्गापूजा का प्रतिनिधित्व करते हुए समस्याओं को पुलिस प्रशासन को अवगत कराते हुए तत्काल निवारण ही मांग की ताकि कोलकाता में दुर्गापूजा पण्डाल में हुई अनहोनी यहां पर न हो। इसके लिए लिए पूरी तैयारी, अलर्ट, सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा गार्ड, निकास-प्रवेश द्वार, अग्निशमन उपकरणों की व्यवस्था का फिर से निरीक्षण करके प्रशासन और कमेटियों के सामंजस्य से सुदृढ़ करने पर विचार विमर्श, मार्गदर्शन, सलाह का आदान- प्रदान किया गया।

बाइ का बाग दुर्गा पूजा के जनसंपर्क अधिकारी लालू मित्तल ने अधिकारियों से बैठक में यातायात पुलिस, पर्याप्त संख्या में पुलिस के महिला और पुरुष जवान की मांग की। बताया कि बाईका बाग क्षेत्र में ५० मीटर की दूरी पर दो दुर्गा पूजा कमेटी होने के कारण भीड़ का दबाव अत्यधिक रहता है। हमारे पूजा पंडाल से लगातार यह एनाउंसमेंट घोषणा की जाती है कि प्रवेश द्वार से प्रवेश करें और निकास द्वार से निकले, एक जगह पर खड़े न रहे, चलते फिरते रहे रहे, फिर भी खाकी वर्दी की अपनी एक अलग बात है, जिसका विकल्प हमारे वालंटियर या निजी सुरक्षा गार्ड नहीं हो सकते। बैठक में बाइ क बाग पूजा के कार्यकारी अध्यक्ष टीपी मिश्रा, सचिव रत्नेश पांडे, सचिव सुनील सिंह आदि मौजूद रहे।

हनुमान मंदिरमें डांडिया महोत्सव, महिलाओंने मचाया धूम

हनुमान मंदिर मीरापुर बरगद घाट में रविवार को कंचन मौर्य के संयोजन में महिलाओं का डांडिया उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ो महिलाओं ने भक्ति गानों में डांडिया नृत्य कर डांडिया महोत्सव में चार चांद लगा दिया। इस मौके पर कार्यक्रम की

संयोजक ने कहा कि डांडिया उत्सव आपसी सौहार्द को और बढ़ाता है। कुछ महिलाएं डांडिया महोत्सव की मर्यादा को चोट पहुंचा रही है जो ठीक नहीं है हमें भारतीय संस्कृति और परंपरा के अनुसार डांडिया एवं गरबा महोत्सव को मानना है उसकी मर्यादा हमें बनाए रखनी है। इस दौरान डांडिया नृत्य देखनेवालों की भीड़ भी जुटी रही।

माफिया अतीकके बेटे अहजमके नामसे पोस्ट प्रसारित

माफिया अतीक अहमद के बेटे अहजम के नाम से सोशल मीडिया पर एक पोस्ट प्रसारित हो रही है। इसमें मां शाइस्ता परवीन और छोटे भाई अबान के साथ तस्वीर साझा की गई है। तस्वीर के साथ भावुक शायरी भी लिखी गई है। हालांकि, यह पोस्ट अहजम ने की है या किसी अन्य ने उसके नाम से प्रसारित की है, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।पोस्ट में लिखा है, 'गुजर तो जाएगी तुम्हारे बगैर, मगर बहुत उदास गुजरेगी। बहुत बेकरार गुजरेगी।' इसके साथ एक और शेर लिखा गया है, 'मुझे मालूम न था, सारा घर ले गया घर छोड़ के जाने वाला।' रविवार को इंटरनेट मीडिया पर यह पोस्ट प्रसारित होने के बाद लोगों ने इस पर प्रतिक्रियाएं भी दीं। अतीक अहमद के पांच बेटों में दो की मौत हो चुकी है, जबकि दो जेल में हैं। सबसे छोटा बेटा अहजम अपने ननिहाल में रहता है।

साईंधाम चौकीके बाहर युवक पर लाठी-डंडेसे हमला

सिविल लाइंस स्थित साईधाम पुलिस चौकी के बाहर चौकी इंचार्ज का इंतजार कर रहे युवक और उसके साथियों पर लाठी-डंडों से हमला करने का आरोप लगा है। पीड़ित अंकित सिंह का आरोप है कि हमलावरों ने उसके साथियों को जातिसूचक गालियां भी दीं।सिविल लाइंस पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। अंकित सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि १७ अक्टूबर को अंकित सिंह अपने साथी ऋषभ कनौजिया और शिवम सिंह के साथ साईधाम चौकी के बाहर चौकी इंचार्ज का इंतजार कर रहा था। तभी क्रेटा कार से चार लोग पहुंचे और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोपितों में अब्दुल रज्जाक, अदनान, साहिल और एक अज्ञात व्यक्ति शामिल था।अंकित का आरोप है कि इससे एक दिन पहले शाम करीब ७:३० बजे भी इंदिरा गांधी चौराहे के पास आरोपितों ने उसे और उसके साथियों को घेर लिया था। गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। इस संबंध में उसने उसी रात साईधाम चौकी इंचार्ज को प्रार्थना पत्र दिया था। पीड़ित ने पुलिस से आरोपितों के खिलाफ काररवाई की मांग की है।

सिविल लाइंस पुलिसने तीन बाइक चोरोंको पकड़ा

नबंर प्लेट बदलकर बेंच देते थे बाइक

सिविल लाइंस पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर चोरी की तीन बाइक बरामद की हैं। आरोपित भीड़भाड़ वाले इलाकों से बाइक चोरी करने के बाद उनकी नंबर प्लेट हटाकर बेच देते थे। कई बाइक इकट्ठा होने पर उन्हें बेचकर मिलने वाली रकम आपस में बांट लेते थे।

पुलिस के मुताबिक, रविवार दोपहर लोहिया मार्ग चौराहे पर चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सब्जी मंडी तिराहे के पास तीन युवक चोरी की बाइकों के साथ खड़े हैं। वे बाइक बेचने की फिराक में हैं। इस पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से चोरी की तीन बाइक बरामद हुईं। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सोरांव के हाजीगंज निवासी निहाल गौतम, थरवई के पैगंबरपुर निवासी शिवांग उर्फ आर्यन यादव और होलागढ़ के दहियांवा हंसराजपुर निवासी शिवम पासी के रूप में हुई है। बरामद दो बाइकों पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे गिरोह बनाकर बाइक चोरी करते थे। कई बाइक इकट्ठा होने पर उन्हें बेच देते थे और रुपये आपस में बांट लेते थे। बरामद बाइकों में से एक के मालिक ने बताया कि उनकी बाइक १६ अक्टूबर को हथिगहां बाजार से चोरी हुई थी। इस संबंध में नवाबगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था।

गाड़ी हटानेके विवादमें युवकका सिर फोड़ा

कर्नलगंज थाना क्षेत्र के ऊंटखाना सब्जी मंडी में गाड़ी हटाने के विवाद में एक युवक को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। आरोप है कि सब्जी विक्रेताओं ने तराजू के बाट से उसके सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर बेहोश हो गया। इसके बाद भी आरोपितों ने उसे दौड़ाकर पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। सलेरी निवासी राजेश निषाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपनी गाड़ी से सब्जी खरीदने सब्जी मंडी गया था। वहां गाड़ी खड़ी कर सब्जी खरीद रहा था, तभी मनीष कुमार निषाद उर्फ नन्हा, सुमित भारतीय और उनके साथ मौजूद कुछ अन्य लोगों ने गाड़ी हटाने को लेकर विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपित गालीगलौज करने लगे और मारपीट करने लगे। इसी दौरान तराजू के बाट से उसके सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित का आरोप है कि वह किसी तरह पुलिस चौकी जाने के लिए भागा तो आरोपितों ने दौड़ाकर फिर पीटा और जान से मारने की धमकी दी।